## प्रश्नावली 10.1

### प्रश्न 1:
एक वृत्त की कितनी स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं?

### उत्तर 1:
एक वृत्त की अनन्त स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं क्योंकि एक वृत्त में उस पर असीम बिंदुओं की संख्या होती है और हर बिंदु पर एक स्पशरिखा खींची जा सकती है।

### प्रश्न 2:
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(i) किसी वृत्त की स्पर्श रेखा उसे _________ बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करती है।

(ii) वृत्त को दो बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करने वाली रेखा को _________ कहते हैं।

(iii) एक वृत्त की _________ समांतर स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं।

(iv) कृत्त तथा उसकी स्पर्श रेखा के उभयनिष्ठ बिंदु को _________ कहते हैं।

### उत्तर 2:
(i) किसी वृत्त की स्पर्श रेखा उसे ***एक*** बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करती है।

(ii) वृत्त को दो बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करने वाली रेखा को ***छेदक रेखा*** कहते हैं।

(iii) एक वृत्त की ***दो*** समांतर स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं।


(iv) कृत्त तथा उसकी स्पर्श रेखा के उभयनिष्ठ बिंदु को ***स्पर्श बिंदु*** कहते हैं।

### प्रश्न 3:
5 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु P पर स्पर्श रेखा PQ केंद्र O से जाने वाली एक रेखा से बिंदु Q पर इस प्रकार मिलती है कि OP = 12 सेमी। PQ की लंबाई है:

(A) 12 सेमी (B) 13 सेमी (C) 8.5 सेमी (D) $\sqrt{119}$ सेमी

### उत्तर 3:
(D) $\sqrt{119}$ सेमी

### हल:
$\Delta OPQ$ में, कोण P समकोण है. [क्योंकि त्रिज्या, स्पर्श रेखा पर लम्ब होती है।]




पाइथागोरस प्रमेय से, $OQ^2 = PQ^2 + OP^2$

$\Rightarrow 12^2 = PQ^2 + 5^2$

$\Rightarrow 144 = PQ^2 + 25$

$\Rightarrow PQ^2 = 144 - 25 = 119$

$\Rightarrow PQ = \sqrt{119}$


इसलिए, विकल्प (D) सही है।

## प्रश्न 4:


एक वृत्त खींचिए और एक दी गई रेखा के समांतर दो ऐसी रेखाएँ खींचिए कि उनमें से एक स्पर्श रेखा हो तथा दूसरी छेदक रेखा हो।

## उत्तर 4:

एक वृत्त बनाया जिसका केंद्र O है और माना AB दी गई रेखा है।




अब, O को केंद्र मानकर AB पर एक शीर्षलम्ब खींचा जो AB को P पर काटता है।




अब, OP पर दो बिंदु X और Y इस प्रकार लेते हैं कि एक बिंदु वृत्त पर हो और दूसरा बिंदु वृत्त के अंदर हो। AB के समांतर तथा X और Y से हो कर जाने वाली दो रेखाएँ CD और EF ही अभीष्ट रेखाएँ है।

